बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक–27.04.2026 को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

---

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु निर्धारित उद्व्यय, अद्यतन आवंटन तथा व्यय स्थिति की समीक्षा की गई।

2. योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2 एवं 3 द्वारा आवंटन निर्गत नही किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीघ्र आवंटन निर्गत करने हेतु निदेश दिया गया एवं आवंटन का नियमानुकूल व्यय एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

विशेषकर वित्तीय वर्ष 2025–26 अतंर्गत 31 मार्च तक कोषागार में पारित नही होने वाले विपत्रों का भुगतान प्राथमिकता से शीघ्र सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

3. कोसी–मेची परियोजना अंतर्गत केन्द्रांश की राशि (Central Allocation) शीघ्र प्राप्त करने हेतु स्थानिक अभियंता, नई दिल्ली को Follow up करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– स्थानिक अभियंता, नई दिल्ली )**

4. बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक एवं अन्य कार्यो के भुगतान से संबंधित समस्याओं (यदि कोई) की सूचना मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण/ अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल)**

5. योजनाओं में भू–अर्जन की प्रगति की समीक्षा हेतु भू–अर्जन विशेषज्ञ, जल संसाधन विभाग को सभी संबंधित मोनिटरिंग अंचल के साथ समीक्षा करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही सभी मोनिटरिंग अंचलों को भू–अर्जन संबंधी मामलों की विवरणी भू–अर्जन विशेषज्ञ को तीन दिनों के अंदर के उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– आलोक कुमार, भू–अर्जन विशेषज्ञ, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

6. FMP एवं RMBA अंतर्गत योजनाओं में शीघ्र आवंटन विमुक्ति हेतु वित्त विभाग से संपर्क स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल)**

7. विश्व बैंक से संबंधित BWSIMP परियोजनाओं में उद्व्यय प्राप्त करने हेतु योजना एवं विकास विभाग से शीघ्र अनुरोध करने का निदेश दिया गया। साथ ही Water Governance से संबंधित गत सप्ताह की प्रगति को अगले बैठक में भी प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1, पटना)**

8. M-CADWM के कार्यो की निविदा हेतु पूर्व में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से किये गये पत्राचार के क्रम में पुनः स्मारित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना)**

9. मुख्य अभियंता, मोतिहारी के परिक्षेत्राधीन तिरहुत नहर में किये जा रहे स्तरीकरण (lining) कार्य में आ रही दरारों (Crack) की तकनीकी निरीक्षण हेतु अभियंता प्रमुख, सिंचाई एवं तकनीकी परामर्शी को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– अभियंता प्रमुख, सिंचाई एवं तकनीकी परामर्शी, जल संसाधन विभाग/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना)**

10. विद्युत Pole Shifting की समीक्षा के क्रम में ऊर्जा विभाग के NBPDCL एवं SBPDCL के MD के साथ संयुक्त बैठक कर विद्युत पोल Shifting कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया ।

**(कार्रवाई– अभियंता प्रमुख, सिंचाई /बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण)**

11. विधि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विगत सप्ताह में कुल 07 विभिन्न प्रकार के वाद विभाग के विरूद्ध दायर किया गया एवं विगत सप्ताह में कुल 11 विभिन्न प्रकार के वादों में शपथ पत्र/ कारण पृच्छा दायर किया गया है।

वर्तमान सप्ताह में दिनांक–03.01.2026 तक निर्धारित मानकानुसार विभिन्न प्रकार के कुल 81 वादों में प्रतिशपथ–पत्र/ कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित है, जिसमें 27 वाद नयें है, जबकि 36 वाद मुख्यालय स्तर पर लंबित है। इसके अतिरिक्त 18 वाद मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है।

सभी मुख्य अभियंताओं को न्यायालय के साथ किये जाने वाले पत्राचार की एक प्रति विधि पदाधिकारी को भी प्रेषित करने का निदेश दिया गया।

मुख्यालय स्तर पर लंबित MJC/CWJC के मामलों के गहन समीक्षा हेतु विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग को निदेशित किया गया ।

**(कार्रवाई– विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग/ सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग)**

12. विभागीय पदाधिकारियों के विभिन्न कार्यशालाओं/प्रशिक्षणों में किये गये प्रतिभाग की समीक्षा के क्रम में सभी प्रतिभागियों को आगामी प्रत्येक साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठकों के प्रारंभ में ही 10 मिनट का एक प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम आगामी समीक्षात्मक बैठक में दिनांक–13–14 फरवरी 2026 को डैम सुरक्षा एवं प्रबंधन विषय पर संपन्न कार्यशाला में प्रतिभाग लेने वाले संबंधित पदाधिकारियों को प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– राजीव कुमार, अधीक्षण अभियंता, बांध एवं गेट रूपांकण अंचल, पटना/ संबंधित सभी प्रतिभाग लेने वाले पदाधिकारी)**

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह0/–
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– विकास आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ।

ह0/–
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार, को सादर सूचनार्थ।

ह0/–
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 327 पटना, दिनांक–29/04/24

प्रतिलिपि :– माननीय उप मुख्य ( जल संसाधन ) मंत्री, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29/4/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 327 पटना, दिनांक–29/04/24

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29/4/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 327 पटना, दिनांक–29/04/24

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/ बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 327 पटना, दिनांक–29/04/24

प्रतिलिपि :– श्री मनोज रमण, तकनीकी परामर्शी/ आलोक कुमार, भू–अर्जन विशेषज्ञ, जल संसाधन विभाग/ विशेष सचिव/ संयुक्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ श्री रवीन्द्र कुमार शंकर, नीतिगत मामलों के सलाहकार/श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी/संयुक्त सचिव, अभियंत्रण/संयुक्त सचिव, प्रबंधन/ प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़/सिंचाई/ स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली/ सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक– 1/PMC/योजना/20/2024 327 पटना, दिनांक–29/04/24

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को ई–मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/4/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार